कार्यालय-प्राचार्य, शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव (छ.ग)
Web site- www.gdcr.ac.in Email: principal@digvijaycollege.com

राजनांदगांव दिनांक 01/07/2023

//प्रेस विज्ञप्ति//

दिग्विजय महाविद्यालय में सोल 2.0 साफ्टवेयर ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के.एल. टांडेकर के निर्देशानुसार महाविद्यालय के ग्रंथालय में लाईब्रेरी, आई.क्यू.ए.सी. एवं मानव संसाधन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में कर्मचारियों के लिए सोल 2.0 साफ्टवेयर ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रुप में शासकीय वी.वाय.टी. स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग के ग्रंथपाल डॉ. विनोद कुमार अहिरवार उपस्थित थे। ट्रेनिंग प्रोग्राम के प्रारंभ में ग्रंथपाल श्री परस राम ने डॉ. अहिरवार का परिचय कराया। प्राचार्य डॉ. के.एल. टांडेकर ने कहा कि दिग्विजय महाविद्यालय का ग्रंथालय एक बड़ा ग्रंथालय है, जिसके रख–रखाव एवं कम्प्यूटरीकरण हेतु सोल 2.0 साफ्टवेयर का उपयोग किया जाता है और इस संबंध में महाविद्यालय के सभी कर्मचारियों को जानकारी होनी चाहिए, इसके लिए यह ट्रेनिंग प्रोग्राम रखा गया है एवं इसके लिए हमारे बीच लाईब्रेरी में 21 वर्ष का कार्य अनुभव रखने वाले डॉ. अहिरवार उपस्थित है, जिसका लाभ सभी कर्मचारियों को मिलेगा। डॉ. अहिरवार ने सोल 2.0 साफ्टवेयर के संबंध में जानकारी दी एवं साथ ही साथ बताया कि किस तरह से महाविद्यालय के लाईब्रेरी को कम्प्यूटाईज्ड किया जा सकता है जिसका लाभ विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को मिले। उन्होनें लाईब्रेरी में आई कार्ड किस तरह से बनाया जाए इस संबंध में जानकारी प्रदान की। ट्रेनिंग प्रोग्राम का संचालन श्री परस राम ग्रंथपाल शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय ने किया। प्रोग्राम में आई.क्यू.ए.सी. प्रभारी डॉ. अनिता साहा, रजिस्ट्रार श्री दीपक कुमार परगनिहा, मुख्य लिपिक श्री जी. डी. वैष्णव, श्री एल.एल. देवांगन, श्री के.एन. साहू, श्री नादिर इकबाल, श्री भूपेन्द्र देवांगन, श्री सुनील सिंह, श्री मोहन चन्द्रवंशी, श्री रवि साहू, श्री नरेन्द्र वर्मा, श्री पंकज झा, श्री राहुल देवांगन, श्री अमोल नशीने, श्री रामू पाटिल, श्री विनोद, श्री किशोर बंजारे, श्री अमितेष वैष्णव, श्री कामता प्रसाद, श्रीमती आरती बोरकर, श्रीमती बसंती देशलहरे, सुश्री मीरा पाण्डेय एवं ग्रंथालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।